संपादकीय

## विपक्ष की मांग, केंद्र को ध्यान देना चाहिए

निज्जर मामले में भारत-कनाडा के बिगड़ते संबंधों पर चर्चा के लिए संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं एवं अन्य सभी राजनीतिक दलों की साझा बैठक बुलाने की विपक्ष की मांग पर केंद्र को तुरंत ध्यान देना चाहिए।

हकीकत है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर के मामले में भारत के सामने मुश्किल स्थिति खड़ी हो गई है। अमेरिका ने दो टूक कहा है कि इस विवाद में वह कनाडा के साथ है। उसने भारत से कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लेने को कहा है। ब्रिटेन ने भी ऐसा ही रुख अपनाते हुए भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने को कहा है। फाइव आईज गठबंधन में इन तीनों के अलावा शामिल अन्य दो देशों-ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भी अब इस विवाद में सार्वजनिक टिप्पणी की है। उन्होंने भी स्पष्ट किया है कि वे कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लिए जाने के पक्ष में हैं। कनाडा की विदेश मंत्री कह चुकी हैं कि इस मामले में भारत पर दबाव डलवाने के लिए उनका देश जी-7 से भी संपर्क करेगा।

साफ है कि निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामलों को अलग-अलग करके देखने और उन पर अलग रुख अपनाने की भारत की रणनीति कारगर नहीं हुई है। नतीजा है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि और विदेश संबंधों में तय प्राथमिकता के सामने गंभीर चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। ऐसे मौकों पर यह जरूरी है कि देश के अंदर संपूर्ण राजनीतिक आम सहमति बनी रहे। इस मकसद से संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं एवं अन्य राजनीतिक दलों की साझा बैठक बुलाने की विपक्षी मांग पर सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेस की आशंका में दम है कि भारत-कनाडा के बिगड़ते संबंधों और कनाडा को कई अन्य देशों के मिले समर्थन से स्थिति और प्रतिकूल हो सकती है, जिसका असर ब्रांड इंडिया पर पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार इस मामले में अपने रुख से विपक्ष और सारे देश को अवगत कराए। सरकार के पास मौजूद सूचनाएं विपक्ष के साथ साझा की जानी चाहिए। आखिर देश की छवि की रक्षा सबकी जिम्मेदारी है। यह आवश्यक है कि इस मामले में सारा देश एक स्वर में बोले। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है कि जब सरकार देश की प्रतिष्ठा की रक्षा में सबको हितधारक माने। अतः अपेक्षित है कि सरकार विपक्ष की मांग को सुने।

मुंबई रियल्टी बाजार उफान पर

## अब रियल एस्टेट कंपनी करेगी 12,500 करोड़ का निवेश, बनाएगी 5 हाउसिंग प्रोजेक्ट

**मुंबई**

मुंबई रियल्टी बाजार उफान पर है। मुंबई और एमएमआर रीजन में लग्जरी घरों की मांग जबरदस्त बनी हुई है। मांग को पूरा करने के लिए एक के बाद एक नए प्रोजेक्ट लॉन्च हो रहे हैं। अब रियल एस्टेट कंपनी हाउस ऑफ हीरानंदानी ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में कई परियोजनाओं के विकास के लिए अगले दो वर्षों में 12,500 करोड़ रुपये का निवेश करने का ऐलान किया है। एक बयान में कंपनी ने कहा कि वह 12,500 करोड़ रुपये के निवेश से एमएमआर में 5 प्रोजेक्ट विकसित करेगी। इस राशि को इक्विटी और आंतरिक स्रोतों के जरिये जुटाया जाएगा।



**लग्जरी प्रोजेक्ट बनाने पर कंपनी का फोकस**

हाउस ऑफ हीरानंदानी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेंद्र हीरानंदानी ने कहा कि मुंबई का बुनियादी ढांचा विकास और विश्वस्तरीय स्थलों की बढ़ती मांग एमएमआर क्षेत्र में हमारे लिए एक जबर्दस्त अवसर पेश करता है। इस निवेश के साथ हम अपनी नियोजित लक्जरी परियोजनाओं के माध्यम से एमएमआर रियल्टी बाजार को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। कंपनी ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट में 25 एकड़ का भूखंड विकसित करेगी। वह पहले से ही कांदिवली में स्थित 'कैस्टेलिया', ठाणे के पंच पखाड़ी में 'बेलिसिया' और ठाणे में 350 एकड़ की टाउनशिप जैसे कुछ प्रीमियम लक्जरी टावर विकसित कर रही है। कंपनी अबतक 4.58 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र तथा 26,399 घरों का विकास कर चुकी है।

**मुंबई में घरों की कीमत में 15-21 प्रतिशत की वृद्धि**

घरों की मांग बढने के साथ कीमत भी तेजी से बढ़ी है। रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी मंच आरईए इंडिया की अनुषंगी प्रापटाइगर डॉट कॉम की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में ज्यादातर शहरों के आवासीय बाजार में संपत्ति कीमत दहाई अंक में बढ़ी है। यह वृद्धि, खासकर लक्जरी मकानों की बढ़ती मांग के कारण हुई है।मुंबई और बेंगलुरु में भी आवासीय इकाइयों की कीमतों में 15-21 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई। चेन्नई और कोलकाता में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, अक्सर मुंबई की तुलना में किफायती विकल्प माने जाने वाले पुणे में भी 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## धनतेरस पर बढ़ी सोने की खरीदारी, आयात शुल्क में कटौती का दिखा असर, मार्केट में रौनक

**मुंबई।** धनतेरस के प्रमुख त्योहार के दौरान देश में सोने की मांग मजबूत हुई है। एमएमटीसी-पीएएमपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। अधिकारी के मुताबिक, आयात शुल्क में हाल ही में की गई कटौती और पारंपरिक खरीद पैटर्न के चलते बाजार में रौनक है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, एमएमटीसी-पीएएमपी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विकास सिंह ने बताया कि हमारे शुद्ध सोने के प्रोडक्ट्स की लगातार मांग के साथ, इस धनतेरस सीजन में सोने के लिए बाजार की धारणा मजबूत बनी हुई है।

**आयात शुल्क में कटौती का असर**

खबर के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि आयात शुल्क में 15 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की कटौती से त्योहारी सीजन में खरीदारी बढ़ी है, क्योंकि उपभोक्ता उच्च शुद्धता वाले सोने के उत्पादों को अधिक पसंद कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि गुणवत्ता और शुद्धता के लिए ग्राहकों की प्राथमिकता खरीद फैसलों में एक प्रमुख चालक बनी हुई है, खासतौर से हमारे 99. 99 प्रतिशत से अधिक शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने के उत्पादों के लिए। सिंह ने कहा कि पॉजिटिव गति आगामी शादी के मौसम में जारी रहने की उम्मीद है, जो परंपरागत रूप से भारत की वार्षिक सोने की खपत का लगभग आधा हिस्सा है।

**सांस्कृतिक प्रथाओं से भी मिलता है बाजार को सपोर्ट**

एमएमटीसी-पीएएमपी के मुताबिक, मौसमी कारकों से परे, सोने की मांग साल भर चलने वाली सांस्कृतिक प्रथाओं से भी लाभान्वित होती है। बच्चे के जन्म और नामकरण समारोह के दौरान पारंपरिक अनुष्ठान, जो साल के किसी भी समय हो सकते हैं, इस कीमती धातु के महत्व और आशीर्वाद के रूप में विचार के कारण इसके मूल्य में वृद्धि करते रहते हैं। भारत दुनिया के सबसे बड़े सोने के उपभोक्ताओं में से एक है, जिसकी मांग सांस्कृतिक और धार्मिक कारकों और निवेश संबंधी विचारों से प्रेरित है।

विश्व स्वर्ण परिषद ने बीते अगस्त में अनुमान लगाया था कि 2024 में भारत में सोने की खपत 850 टन हो सकती है। इससे पहले 750 टन का अनुमान लगाया था।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शिमरोन हेटमायर की हुई वापसी

**सेंट जॉन्स (एंटीगा)।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे मैचों के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

तीन मैचों की वनडे सीरीज 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में दो वनडे मैचों के साथ शुरू होगी। अंतिम मैच 6 नवंबर को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

एलिक अथानाजे की जगह हेटमायर को टीम में शामिल करना एकमात्र बदलाव है। इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई टीम में यह एकमात्र बदलाव है।

हेटमायर ने पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के बाद से वेस्टइंडीज के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है।

इस श्रृंखला में टीम की कमान शाई होप संभालेंगे, जबकि युवा खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू को अपना हुनर प्रभावित करने का एक और मौका मिलेगा, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया है।

## अप्रैल से एप्पल इंटेलीजेंस इंडियन इंग्लिश को करेगा सपोर्ट

**नई दिल्ली**

दुनिया की शीर्ष मोबाइल फोन निर्माता कंपनी एप्पल अपने इंटेलिजेंस फीचर में तेजी से और अधिक भाषाओं को जोड़ रही है। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की है कि अगले साल अप्रैल महीने से इसका सॉफ्टवेयर कई अन्य भाषाओं के साथ इंडियन इंग्लिश यानि भारतीय अंग्रेजी भाषा भी सपोर्ट करने लगेगा।

टेक की दिग्गज कंपनी एप्पल ने घोषणा की है कि आईफोन, आईपैड और मैक उपयोगकर्ताओं के लिए एप्पल इंटेलिजेंस सुविधाओं का पहला सेट अब आईओएस 18.1, आईपैड ओएस 18.1 और मैक ओएस सिकुआ 15.1 के रिलीज के साथ एक मुफ्त सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से उपलब्ध है।

बता दें कि एप्पल इंटेलिजेंस एक व्यक्तिगत इंटेलिजेंस प्रणाली है। यह भाषा और फोटो को समझ उसे क्रिएट करने के साथ ही रोजमर्रा के कार्यों को आसान और त्वरित बनाने के लिए जानकारी प्राप्त करती है। इसके साथ ही एप्पल एआई प्रणाली गोपनीयता बरकरार रखने में भी मदद करती है।

कंपनी ने कहा, आज सुविधाओं का पहला सेट उपलब्ध हो गया है, तथा आने वाले महीनों में कई और सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसी साल दिसंबर से, एप्पल इंटेलिजेंस ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और यूके में स्थानीयकृत अंग्रेजी के लिए उपलब्ध होगा, और अप्रैल में एक सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ स्थानीय भाषाओं को भी सपोर्ट देने लगेगा। इसके बाद इसमें कई और अपडेट आएंगे।

आईफोन निर्माता कंपनी ने कहा, चीनी, अंग्रेजी (भारत), अंग्रेजी (सिंगापुर), फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, जापानी, कोरियाई, पुर्तगाली, स्पेनिश, वियतनामी और अन्य भाषाओं को भी ये सपोर्ट करेगा।

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने इसकी जानकारी देते हुए बताया, एप्पल इंटेलिजेंस आईफोन, आईपैड और मैक के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा। जो नए अनुभव और उपकरण प्रदान करता है, जो हमारे उपयोगकर्ताओं की जिंदगी को बदल कर रख देगा।

उन्होंने कहा, एप्पल इंटेलिजेंस बरसों की मेहनत के बाद तैयार किया गया है। जिसका ध्येय एआई और मशीन लर्निंग को एप्पल जनरेटिव मॉडल के मूल में रखना है।

## आईपीएल 2025 रिटेंशन : ऑक्शन में कैसे काम करेगा आरटीएम

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट सौंपनी होगी। इसकी आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। इस बार नियमों में कुछ बदलाव हुए हैं और टीमों के पास राइट टू मैच का ऑप्शन भी होगा। मगर यहां कुछ फैंस के मन में यह सवाल जरूर होगा कि आखिर यह नियम क्या है और कैसे काम करेगा।

सबसे पहला नियम है एक फ्रेंचाइजी अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, या तो रिटेंशन चरण में या मेगा नीलामी के दौरान राइट-टू-मैच कार्ड के माध्यम से। इनमें से अधिकतम पांच खिलाड़ी कैप्ड हो सकते हैं जबकि अधिकतम दो खिलाड़ी अनकैप्ड हो सकते हैं।



राइट टू मैच नियम पहली बार 2017 में लागू किया गया था, लेकिन इसे 2022 के मेगा ऑक्शन में हटा दिया गया था। अब इसे फिर से लागू किया गया है। यह नियम फ्रेंचाइजी को उस खिलाड़ी को वापस खरीदने का मौका देता है, जो पिछले सीजन में उस टीम का हिस्सा था।

रिलीज होने के बाद जब कोई खिलाड़ी नीलामी में जाता है, तो कई टीमें उस पर बोली लगाती हैं। बोली लगने के बाद रिलीज करने वाली टीम से पूछा जाता है कि क्या वो इस खिलाड़ी के लिए आरटीएम का इस्तेमाल करना चाहती हैं?

यानी पिछले सीजन में किसी टीम का खिलाड़ी अब नीलामी में फिर से बिक रहा है, तो उस टीम को आरटीएम कार्ड मिलता है। इसका मतलब है कि वो खिलाड़ी को वापस खरीद सकती है। ऐसे में पुरानी टीम आरटीएम का इस्तेमाल करती है तो उसे उस प्लेयर पर नीलामी में लगाई गई आखिरी बोली के जितने पैसे देने पड़ते हैं। वहीं अगर पुरानी टीम आरटीएम का उपयोग नहीं करती तो आखिरी बोली लगाने वाली टीम उस खिलाड़ी को खरीद लेती है।

यह नियम आईपीएल 2025 को लेकर सबसे ज्यादा सुर्खियों में है और ऑक्शन का रोमांच भी बढ़ा रहा है। इनके अलावा कुछ अन्य महत्वपूर्ण नियम- अब हर टीम के पास 120 करोड़ रुपये का बजट होगा, जिसके लिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर बोली लगानी होगी। जिन खिलाड़ियों ने 5 साल से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला होगा या संन्यास ले चुके होंगे, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ियों में गिना जाएगा।

## मुंबई टेस्ट के साथ खत्म हो जाएगा टीम इंडिया का ये सुनहरा अध्याय

### भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बुरी खबर

**मुंबई**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मुंबई में 1 नवंबर से शुरु हो रहा है. टीम इंडिया शुरुआती 2 टेस्ट गंवाकर सीरीज हार चुकी है. तीसरे टेस्ट में भारत की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है. टीम इंडिया पर क्लिन स्विप होने का डर है. इससे बचने के लिए टीम मेहनत कर रही है. लेकिन इसी बीच एक ऐसी खबर आई है कि जिससे भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस को तगड़ा झटका लग सकता है.

भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का आखिरी टेस्ट मुंबई में खेला जाना है. ये टेस्ट रोहित शर्मा, विराट कोहली, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा का एक साथ भारतीय जमीन पर आखिरी टेस्ट हो सकता है. रोहित 37, विराट 35, अश्विन 38 और जडेजा 35 साल के हो चुके हैं. इस सीरीज के बाद भारत को जुलाई 2025 तक ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में 5-5 टेस्ट खेलने हैं. इसके बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल खेला जाना है जो इंग्लैंड में होगा. इस तरह भारत में अगली टेस्ट सीरीज में अभी लंबा समय है.




संभव है कि डब्ल्यूटीसी 2025 फाइनल के बाद रोहित शर्मा और अश्विन टेस्ट से संन्यास ले लें. ऐसे में रोहित, अश्विन, विराट और जडेजा भारत में संभवत: आखिरी बार टेस्ट क्रिकेट एक साथ खेलते दिखेंगे. भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच जॉन राइट ने भी ये बात कही है. बता दें कि पिछले एक दशक में ये चार क्रिकेटर टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के सबसे मजबूत स्तंभ रहे हैं. इनमें किसी के भी हटने से टीम इंडिया निश्चित रुप से कमजोर होगी. भारतीय टीम बेंगलोर और पुणे में खेले गए पहले और दूसरे टेस्ट को हार चुकी है और सीरीज भी गंवा चुकी है. ये पहला मौका है जब टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई है. भारत को मुंबई टेस्ट में खुद के सम्मान को बचाने की चुनौती है.

## आज का राशिफल

***मेष :*** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। सगे-संबंधियों के बीच तालमेल बैठाकर चलें। कुछ नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह मिलेगा।

***बृषभ :*** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलें। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम सार्थक होगा।

***मिथुन :*** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। घरेलू संबंधों में कटुता न आने दें। महत्वपूर्ण स्थिति में आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

***कर्क :*** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षित होंगे। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट होगी।

***सिंह :*** जीवन साथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। रोजगार की समस्याओं से चिंता होगी। किसी बड़ी यात्रा के प्रति उत्साहित होंगे। असीम प्रतिभाओं के बावजूद हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। इसे सुधारें।

***कन्या :*** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पडऩे दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

***तुला :*** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

***वृश्चिक :*** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें, अन्यथा छवि कुप्रभावित हो सकती है।

***धनु :*** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन भी संभव। दूसरों की बात इधर से उधर न करें। घर में खुशहाली रहेगी।

***मकर :*** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से प्रसन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है।

***कुंभ :*** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। महत्वपूर्ण स्थिति में आवेश में लिये गये निर्णय से हानि की आशंका है। राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

***मीन :*** आपकी सारी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

## प्रतीक बब्बर की नई फिल्म ख्वाबों का झमेला का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड एक्टर प्रतीक बब्बर और एक्ट्रेस सयानी गुप्ता जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ख्वाबों का झमेला में एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म को दानिश असलम डायरेक्ट कर रहे हैं, जिसमें कुब्रा सैत भी अहम किरदार में दिखेंगी।



प्रतीक बब्बर ने कहा, दर्शकों को हंसाने से ज्यादा मुश्किल कुछ नहीं है। ख्वाबों का झमेला के साथ इस चुनौती के लिए तैयार होना अपने आप में मजेदार था। मैं एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभा रहा हूं, जो नंबर के मामले में तो बहुत अच्छा है, लेकिन भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर है।

उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक मजेदार और दिल को छू लेने वाली यात्रा है, जो उन चीजों के बारे में बात करती है जिनके बारे में ज्यादातर भारतीय चुप रहना पसंद करते हैं।

दरअसल, इस फिल्म को भारत और ब्रिटेन में शूट किया गया है, जो जुबिन नाम के शख्स की कहानी है। वह गानों को समझने में माहिर है, लेकिन रोमांस में ज्यादा अच्छा नहीं है।

वहीं, फिल्म की एक्ट्रेस सयानी ने कहा, ख्वाबों का झमेला फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत शानदार और मजेदार है। दानिश, अर्पिता और प्रतीक के साथ फिर से काम करना शानदार रहा और एक नई भूमिका निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया था।

उन्होंने आगे कहा, यह एक ऐसा सब्जेक्ट है, जिसे भारतीय सिनेमा में वास्तव में नहीं दिखाया गया है। दानिश ने इस कहानी को हम सभी के लिए रोमांचक बना दिया।

डायरेक्टर दानिश असलम ने इससे पहले 'इट्स नॉट दैट सिंपल', 'फ्लेश' और 'ब्रेक के बाद' जैसी फिल्में बनाई हैं।

## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और जिगरा का खेल खत्म, लाखों कमाने में भी छूट गए पसीने

आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर 'जिगरा' और राजकुमार राव की 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. जहां राजकुमार राव की रोमकॉम ने जैसे तैसे अपना बजट वसूल कर लिया. वहीं आलिया की एक्शन थ्रिलर को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया और ये फिल्म फ्लॉप हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं दोनों फिल्मों का रिलीज के 18वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहा है



'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' रिलीज के तीसरे हफ्ते में हैं. राजकुमार राव स्टारर फिल्म की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस बहुत ज्यादा अच्छी नहीं रही है. हालांकि फिल्म की ओपनिंग अच्छी हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देंगी लेकिन पहले हफ्ते के बाद फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई. बावजूद इसके 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' ने ठीक-ठाक कमाई कर ली है.

## सिटाडेल हनी बनी का ट्रेलर जारी, वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु का दिखा धांसू अवतार

पिछले लंबे समय से वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी को लेकर चर्चा में हैं।यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल का भारतीय संस्करण है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।अब निर्माताओं ने सिटाडेल हनी बनी का नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है।ट्रेलर में वरुण और सामंथा जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं।




सीरीज के ट्रेलर की शुरुआत सामंथा द्वारा हमलावरों से अपनी बेटी को बचाने की जद्दोजहद के साथ होती है। अभिनेत्री बेटी के कानों में हेडफोन लगाने और उसे सुरक्षित रखने के लिए एक ट्रंक में छिपाती हैं।

इसके बाद ट्रेलर में पता चलता है कि सामंथा को वरुण ने जासूस बनने की ट्रेनिंग दी थी, जो एक स्टंट आर्टिस्ट है। एक दिन वरुण, सामंथा के घर जाता है। किसी बात पर उनके बीच लड़ाई हो जाती है और इसके बाद सामंथा उसे बताती है कि वह उसकी बेटी का पिता है और उससे मिलवाती है।

'सिटाडेल: हनी बनी' सीरीज का निर्देशन राज एंड डीके (राज निदिमोरु और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर मेनन ने राज एंड डीके के साथ मिलकर लिखा है। इस सीरीज में वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु के साथ केके मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार और काशवी मजूमदार भी अहम रोल में हैं।

सिटाडेल: हनी बनी हॉलीवुड में बनी सीरीज सिटाडेल की कॉपी है। सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सामंथा रुथ प्रभु ने कहा था कि यह सीरीज दिखावटी नहीं है और हाई-टेक गैजेट्स और तकनीक से भरपूर है।

उन्होंने कहा कि सीरीज के हर एक कैरेक्टर वास्तव में भरोसेमंद हैं, जो कि असाधारण परिस्थितियों में रखे गए सामान्य लोग हैं।अभिनेत्री ने आगे कहा 'सिटाडेल' ने मुझे बहुत आकर्षित किया। मेरा यह भी मानना है कि शो को नब्बे के दशक में सेट करना एक शानदार कदम था।


## शब्द सामर्थ्य- 223

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 222 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 223

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.222 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |